07.12.2024 आकाशवाणी भोपाल 07.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश के हर क्षेत्र को औद्योगिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है, कहा मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा से कृषि चौपाल कार्यक्रम का किया शुभारंभ।
- राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने के लिए 100 दिवसीय निक्षय शिविर आज से शुरू।
- अंडर 19 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का फायनल कल भारत और बांग्लादेश के बीच खेला जायेगा।

नर्मदापुरम रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नर्मदापुरम में 6वीं रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र को औद्योगिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि नर्मदापुरम में मध्यप्रदेश ओद्यौगिक विकास निगम का सर्व सुविधायुक्त क्षेत्रीय कार्यालय खोला जायेगा।

कॉन्क्लेव में 31,800 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इस दौरान मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग और फिक्की के बीच एमओयू हुआ। इसके माध्यम से प्रदेश की असीम पर्यटन संभावनाओं को देश–विदेश तक पहुंचाया जाएगा।

कॉन्क्लेव में 3 हजार एमएसएमई प्रतिनिधि, 75 प्रमुख निवेशक, और कनाडा, वियतनाम, नीदरलैंड, मेक्सिको और मलेशिया जैसे 5 देशों के अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि शामिल हुए। 'नए क्षितिज, नई संभावनाएँ' थीम के अंतर्गत इस कार्यक्रम में कृषि, डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण, नवकरणीय ऊर्जा, पर्यटन और वस्त्र जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया ।

कृषि मंत्री

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज विदिशा से देश के किसानों के लिए कृषि चौपाल कार्यक्रम का शुभारभ किया। इस कार्यक्रम से अब किसान और कृषि बैज्ञानिक साथ टेलीविजन और उन्नत कृषि की जानकारी साझा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि विज्ञान और कृषि अब एक मंच पर होंगे कृषि की वैज्ञानिक तकनीक को जमीन पर लाने की हर संभव कोशिश की जाएगी। उन्होंने खेती में लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने की योजना पर बल दिया। कृषि मंत्री ने कहा कि देश में बार–बार होने वाले चुनाव देश की अवनति का बड़ा कारण है । उन्होंने एक देश एक चुनाव हेतु एकजुट होने के लिए जनता से आवाहन किया।

राजनाथ–सेना झंडा दिवस

आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस देश के साहसी सैनिकों की वीरता, दृढ़ संकल्प और बलिदान को सम्मान देने का दिन है। उन्होंने लोगों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने का भी आग्रह किया। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह भारतीय सशस्त्र बलों के साहस और योगदान को स्मरण करने का दिन है। 7 दिसंबर 1949 से ही देश सशस्त्र सेना झंडा दिवस मना रहा है। नीमच जिले में भी आज सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया गया।

## सुशासन सप्ताह

सुशासन सप्ताह के अंर्तगत 19 दिसंबर से राष्ट्रव्यापी अभियान 'प्रशासन गांव की ओर' शुरू किया जाएगा। यह कार्यक्रम 24 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें देशभर के प्रत्येक जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस अभियान में 700 से अधिक जिला अधिकारी भाग लेंगे और अधिकारी तहसीलों तथा पंचायत समिति मुख्यालयों का दौरा करेंगे। यह तीसरी बार है, जब सरकार जनता की शिकायतों को दूर करने और सेवा प्रदान करने में सुधार के लिए तहसील स्तर पर एक राष्ट्रीय अभियान चला रही है। प्रशासन गांव की ओर अभियान सुशासन के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन होगा, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।

## नड्डा–तपेदिक उन्मूलन

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नडडा ने कहा है कि टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कोई–कोर–कसर नहीं छोडी जाएगी। उन्होंने हरियाणा के पंचकूला में एक सौ दिन के टी बी उन्मूलन अभियान की शुरूआत करने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए टीबी उन्मूलन अभियान मील का पत्थर साबित होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रणनीतियों में बदलाव किया गया है और अब टीबी के अभिशाप को खत्म करने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे। श्री नडडा ने कहा कि टीबी रोगियों को आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के लाभ मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीबी रोगियों को प्रति माह एक हजार रूपये दिए जा रहे हैं।

## निक्षय शिविर

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने के लिए प्रदेश में भी आज से आगामी 25 मार्च तक "100 दिवसीय निक्षय शिविर" आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नर्मदापुरम में वर्चुअली किया। इस अभियान का उद्देश्य टीबी उन्मूलन के प्रयासों को और अधिक गति देना और जन–जागरूकता को बढ़ावा देना है। यह अभियान प्रदेश के 23 उच्च–प्राथमिकता वाले जिलों में आज से प्रारंभ हुआ। अभियान के अंतर्गत सभी उपस्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, शहरी/ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र, और मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के माध्यम से उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों और टी.बी. के मरीजों की स्क्रीनिंग एवं जांच की जाएगी। मंदसौर मे टीबी जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर को रवाना किया गया। इसके साथ ही शहर के प्रमुख मार्गो से टीबी जागरूकता हेतु रैली निकाली गई।

## हम होंगे कामयाब'' अभियान

लिंग आधारित हिंसा के उन्मूलन के लिये प्रदेश में 25 नवम्बर से चलाये जा रहे "हम होंगे कामयाब'' अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 10 दिसम्बर को भोपाल में जागरूकता दौड़ का आयोजन किया जायेगा। इस दौड़ में पुलिस विभाग सहित प्रदेश के अन्य विभागों के अधिकारी, स्कूल–कॉलेज के विद्यार्थी एवं एनजीओ के लगभग 1500 प्रतिभागी भाग लेंगे। वहीं आगरमालवा स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में आयोजित हुए विशेष जागरूकता कार्यक्रम में साइबर एवं डिजिटल अपराध के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## प्रसार भारती अध्यक्ष – गुजरात दौरा

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा है कि दूरदर्शन का वेव ओटीटी प्लेटफॉर्म परिवार के सभी सदस्यों के लिए समग्र और साफ–सुथरा मनोरंजन प्रदान करने के साथ–साथ दूरदर्शन के दर्शकों की संख्या में और विस्तार करेगा। आज अहमदाबाद में दूरदर्शन के दौरे के दौरान उन्होंने कहा कि वेव ओटीटी प्लेटफॉर्म के माध्यम से न केवल नये कार्यक्रम प्रसारित किए जाएंगे

बल्कि इसके द्वारा दर्शकों को दूरदर्शन के पुराने और लोकप्रिय कार्यक्रम देखने का अवसर भी मिलेगा।

## अंडर–19 एशिया कप

दुबई में, अंडर–19 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल कल भारत और बांग्लादेश के बीच खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समय के अनुसार सुबह साढ़े दस बजे शुरू होगा। कल शारजाह में सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को 7 विकेट से हराया था। वहीं दुबई में हुए एक अन्य सेमीफाइनल में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मौजूदा चैम्पियन बांग्लादेश ने पिछले वर्ष फाइनल में संयुक्त अरब अमीरात को हराया था।

## हॉकी–एशिया कप

जूनियर महिला एशिया हॉकी कप टूर्नामेंट आज से ओमान की राजधानी मस्कत में शुरू हो रहा है। टूर्नामेंट में कुल दस टीमें हिस्सा ले रही हैं। ज्योति सिंह की कप्तानी में भारतीय टीम का पहला मैच कल बांग्लादेश से होगा। खिताबी मुकाबला 15 दिसम्बर को होगा। प्रतियोगिता की शीर्ष पांच टीमें जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## कुछ समाचार संक्षेप में .....

- शिवपुरी में शासकीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस की एनसीसी इकाइयों द्वारा नशा मुक्ति जागरण अभियान के तहत आज एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।
- विश्व एड्स दिवस जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत आज जबलपुर के नेता जी सुभाष चंद्र बोस केंद्रीय कारागार में बंदियों के बीच एचआईवी एड्स के विषय में जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार धार जिले में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य जारी है। जिले में फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 तक होगा।
- सागर में विधायक खेल महोत्सव का समापन हो गया । इस अवसर स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि सभी खिलाड़ी अवसर को परिणाम में बदलने के लिए पूरे मनोयोग से खेले जिससे वह आगे बढ़ सके।
- खंडवा में भगवान खंडेराव महाराज के जन्मोत्सव चंपा सृष्टि के अवसर पर मराठा समाज द्वारा आज जय मल्हार चंपा षष्ठी उत्सव बड़े धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया।
- गुना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारीएवं पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर पालिका के वार्ड क्रमांक–10 में दिनांक 09 दिसंबर को पार्षद पद के लिए होने वाले उप चुनाव के लिए मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।